हरियाणा विधान सभा
अधिवेशन

मार्च 2024

शोक प्रस्ताव

शोक प्रस्ताव संख्या – 1

श्री फकीर चन्द अग्रवाल, हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व उपाध्यक्ष

यह सदन हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री फकीर चन्द अग्रवाल के 6 मार्च, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 2 फरवरी, 1932 को हुआ। उन्होंने वर्ष 1954 में एस.ए. जैन उच्च विद्यालय, अम्बाला शहर में विज्ञान अध्यापक के रुप में शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की वर्ष 1965 में मुख्य अध्यापक के पद पर पदोन्नत हुये तथा 20 मई, 1994 को प्रिंसीपल के पद से सेवानिवृत हुये। वे वर्ष 1996 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे 22 मई, 1996 से 14 दिसम्बर, 1999 तक हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष रहे। वे कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी रहे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

––––––